

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**रशिमका मंदाना-विजय देवरकोंडा ने की सगाई!**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 178 ■ रविवार 5 अक्टूबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# स्थानीय चुनावों की तैयारियाँ ज़ोरों पर

## चुनावी सरगर्मियां बढ़ीं — नगर परिषदों सहित नगर पंचायतों की मतदाता सूचियाँ 8 अक्टूबर को




■ **ज़िला परिषदों और पंचायत समितियों का आरक्षण 13 अक्टूबर को**

**मुंबई.** राज्य की 247 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के सदस्यों और प्रत्यक्ष अध्यक्षों के पदों के लिए होने वाले आम चुनावों हेतु वार्डवार प्रारूप मतदाता सूचियाँ 8 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएँगी। इस पर 13 अक्टूबर तक आपत्तियाँ और सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं।

राज्य चुनाव आयोग ने 1 जुलाई, 2025 को अधिसूचित तिथि निर्धारित की है और उस दिन की मौजूदा विधानसभा मतदाता सूची का उपयोग इन चुनावों के लिए किया जाएगा। 8 अक्टूबर को वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद, आपत्तियाँ और सुझाव प्राप्त होने के बाद 28 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची की घोषणा की जाएगी।

32 ज़िला परिषदों और उनके अंतर्गत आने वाली 336 पंचायत समितियों के आम चुनावों के लिए सदस्यों का आरक्षण निर्धारित करने हेतु 13 अक्टूबर को ड्रॉ निकाला जाएगा। यह घोषणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा की गई है। इसलिए, जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों का बिगुल जल्द ही बज जाएगा। राज्य में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव पिछले कुछ वर्षों से स्थगित चल रहे हैं। इस कारण इनका प्रशासन प्रशासकों द्वारा चलाया जा रहा है। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय ने स्थानीय निकायों के चुनाव इस जनवरी के अंत तक कराने का आदेश दिया है। इसलिए, राज्य चुनाव आयोग ने इन चुनावों को कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## अंबरनाथ का नगराध्यक्ष कौन होगा?

■ **सोमवार को मंत्रालय में आरक्षण लॉटरी**

■ **प्रभाग आरक्षण भी 8 अक्टूबर तक निश्चित करने के आदेश**

**यूसुफ शेख**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद का अध्यक्ष कौन होगा? ये सोमवार 6 अक्टूबर को मालूम पड़ेगा. सोमवार को नगर परिषद, नगर पंचायती के नगराध्यक्ष आरक्षण की लॉटरी निकाली जाएगी. इस बार जनता ही वोट देकर नगराध्यक्ष का चुनाव करेगी. नगर विकास द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी राजकीय पक्ष के अध्यक्ष, सचिव को बताया गया कि राज्य के 247 नगर परिषद व 147 नगर पंचायती नगराध्यक्ष पद का आरक्षण निश्चित करने के लिए 6 अक्टूबर को परिषद सभागृह छठी मंजिल पर मंत्रालय मुंबई में लॉटरी निकाली जाएगी व सभी पक्ष से कहा गया है कि अपने दो प्रतिनिधि को भेजें.

विदित हो कि सन 2015 में पहले ढाई वर्ष के लिए अनुसूचित जाति महिला के लिए बाद के ढाई वर्ष के लिए खुला वर्ग रखा गया था. अब आरक्षण क्या होगा, इस पर सबकी नजर लगी हुई है. दिग्गज इच्छुक नेता तैयार बैठे हैं. नपा चुनाव दिसंबर में होंगे, अब ये निश्चित हो गया है. 6 वर्ष से भी ज्यादा हो गए हैं. नपा चुनाव नहीं हुए हैं. नागरिकों में भी उत्सुकता है. उसके साथ ही प्रभाग के आरक्षण भी 8 अक्टूबर तक निश्चित करने के आदेश राज्य चुनाव आयोग ने नपा को दिए हैं. ऐसी सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को भी दी गई है. 9 अक्टूबर को सभी जिले में आरक्षण की स्थिति घोषित की जाएगी. 14 अक्टूबर को हरकत व सूचना, 28 अक्टूबर को अंतिम आरक्षण की घोषणा की जाएगी. इसके बाद पता चलेगा कि कौन से वार्ड से कौन उम्मीदवार होगा और कौन नगराध्यक्ष होगा. पुरुष या महिला सभी को आरक्षण की प्रतीक्षा है. अंबरनाथ में शिवसेना-भजपा में युति होगी या नहीं एवं कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस, आरपीआई आपस में तालमेल करेंगे या नहीं. मनसा के रुख क्या होगा. ये सभी आरक्षण लॉटरी के बाद ही निश्चित होगा.

# हवा में फायरिंग करने वाला गुंडा गिरफ्तार



■ **क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया**

■ **उल्हासनगर 1 स्थित एक गरबा कार्यक्रम में आतंक मचाया**

■ **19 वर्षीय सोहम पवार ने फैलाया था आतंक**

■ **सोहम का पिता भी गिरफ्तार, पिस्तौल भी जब्त**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 1 स्थित बंजारा विकास परिषद में हुई गोलीबारी की घटना के मामले में पुलिस को आखिरकार सफलता मिल गई है। आतंकित गुंडे सोहम पवार (19) और उसके पिता अनिल पवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से एक पिस्तौल भी जब्त की है। घटना के दौरान, सोहम पवार ने 'मैं यहाँ का भाई हूँ' कहते हुए हवा में गोलियाँ चलाईं और उसके पिता अनिल पवार ने भी उसका साथ दिया और इलाके में अफरा-तफरी मचाने की कोशिश की। दोनों ने मिलकर शिवसेना शाखा प्रमुख बाला भगुरे पर सीधे पिस्तौल तानकर दहशत फैलाई थी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संतोष आव्हाड के मार्गदर्शन में तेजी से जाँच की गई। गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद तुरंत मामला दर्ज किया गया और बुधवार को उल्हासनगर 4 से पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के बारे में बात करते हुए पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कहा, 'नवरात्रि जैसे सांस्कृतिक उत्सवों के दौरान आतंक फैलाने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

## कल्याण-कर्जत राजमार्ग पर युवक का शव मिला

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में कल्याण-कर्जत राजमार्ग पर एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और जाँच-पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की आगे की जाँच कर रही है।

अंबरनाथ (पश्चिम) इलाके में आईटीआई स्कूल के सामने आयुध कारखाने के बाहर झाड़ियों में नागरिकों को शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जाँच के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। हालाँकि, उसके पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज़ नहीं मिलने के कारण अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव की पहचान करने में जुटी है। इस बीच, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

# उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार का उल्हासनगर में भव्य स्वागत



**उल्हासनगर।** महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार विजयादशमी के उपलक्ष्य में मुरबाड दौरे पर थे ऐसे में जब वो उल्हासनगर से जा रहे थे तब उल्हासनगर राकांपाईयों ने उनका भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) व प्रदेश सचिव सोनिया धामी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में राकांपा कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन द्वारा फूलों की वर्षा कर उनका रॉयल सत्कार किया। उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने विजयादशमी के उपलक्ष्य में सभी को सोन पत्ते देकर शुभकामनाएं दी। इस समारोह में महिलाओं की उपस्थित देकर आगामी चुनाव के साफ संकेत दिख रहे थे कि उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में राकांपा पूरी तैयारी से साथ मैदान में उतरेगी।



# हथियारबंद गिरोह का उल्हासनगर में आतंक



■ **तानाजी नगर में आधा दर्जन वाहनों में तोड़फोड़**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप क्रमांक 5 के तानाजी नगर इलाके में आधी रात को एक बड़ी घटना घटी। सुबह करीब साढ़े तीन बजे दस से बारह लोगों के एक हथियारबंद गिरोह ने सड़क पर खड़े वाहनों पर हमला कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गरबा कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच बहस हुई। यह बहस मारपीट में बदल गई और तानाजी नगर के एक युवक ने दहा चॉल के एक युवक की पिटाई कर दी। इसका बदला लेने के लिए दहा चॉल के युवकों का एक समूह आधी रात के आसपास कैंप क्रमांक 5 स्थित तानाजी नगर आया।

हालांकि, युवक को न पाकर वे दोपहर करीब तीन बजे फिर आए। उस समय उन्हें युवक नहीं मिला। इससे गुस्साए हथियारबंद गिरोह ने चार मोटरसाइकिल, दो रिक्शा, दो टेम्पो और आठ से दस वाहनों को बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त कर दिया है। वाहनों के शीशे, पेट्रोल टैंक और मार्गड आदि तोड़ दिए गए हैं। अचानक हुई इस तोड़फोड़ से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है और नागरिकों में भय का माहौल है। स्थानीय राकांपा पदाधिकारी विपुल मयेकर ने तुरंत हिल लाइन पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुँचकर आगे की जाँच शुरू कर दी है।

# उल्हासनगर में सड़कों को बेहतर बनाने के लिए कमिश्नर मैदान में!

■ **10 जगहों का निरीक्षण**

**उल्हासनगर.** मानसून के दौरान उल्हासनगर को गड्ढों वाले शहर के रूप में जाना जाता है। इस कलंक को मिटाने के साथ-साथ, मनपा कमिश्नर मनीषा आव्हाले मानसून के बाद सड़कों को बेहतर बनाने के लिए मैदान में उतरीं और मुख्य सड़कों और चौराहों सहित 10 जगहों का निरीक्षण और समीक्षा की। कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने धोबी घाट रोड, कल्याण मुरबाड रोड, खेमानी भाजी मार्केट चौक, खेमानी चौक और नानिक जीरा चौक, सेंट्रल पुलिस स्टेशन से मयूर होटल रोड, फॉलओवर लाइन चौक (कल्याण-बदलापुर रोड), छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर, लालचक्की से उल्हासनगर रेलवे स्टेशन रोड, वीनस चौक और नेताजी चौक सहित 10 जगहों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के शहर एवं कार्यकारी अभियंता, अभियंता नीलेश शिरसाठे, उप अभियंता संदीप जाधव, जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले, कनिष्ठ अभियंता हर्षद प्रधान, सुयश बांगर, अश्विनी गर्जे, सुशांत पेवेकर, सुमेत चौघुले, मुकदम कपिल गुरसाहनी आदि उपस्थित थे।



लोक निर्माण विभाग को प्राथमिकता के आधार पर जहां गड्ढे बन गए हैं, उन्हें भरना चाहिए। साथ ही, संबंधित उप अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओं को लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों और गड्ढे भरने के कामों को तेज गति से पूरा करने की योजना बनानी चाहिए। सड़कों पर पानी की पाइपों में लीकेज की सूचना जल्द से जल्द जल आपूर्ति विभाग को दी जानी चाहिए और उनकी मरम्मत की जानी चाहिए। सभी कनिष्ठ अभियंता निर्धारित वार्ड में कुल सड़कों को डामर और क्रोक्रेट के रूप में वर्गीकृत करें और खराब स्थिति में सड़कों की सूची प्रस्तुत करें और उनकी मरम्मत के लिए आवश्यक उप-योजना और कार्रवाई तुरंत करें, आयुक्त मनीषा अव्हाले ने आदेश दिए हैं।

# ड्रीमर्स आर्किटेक्टस का भव्य शुभारंभ

■ **आर्किटेक्ट कुणाल दीपक राजानी को बधाई देने पहुंचे शहर के जाने माने लोग**




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में इन दिनों पढ़े लिखे युवाओं ने अपनी पकड़ अपने पसंदीदा कार्य क्षेत्र में लगाई है। ऐसे में उल्हासनगर शहर के डेवलपमेंट के लिए इन दिनों बड़े बड़े प्रोजेक्टों का कार्य युवा आर्किटेक्ट कर रहे हैं इसी कड़ी में कुणाल दीपक राजानी युवा आर्किटेक्ट ने भी ड्रीमर्स आर्किटेक्टस अपनी नई फर्म का भव्य शुभारंभ विजयादशमी के पावन पर्व पर उल्हासनगर-3 स्थित शांतिनगर काका का ढाबा के पास, शॉप नं. 1 अमृतवेल बंगलो में किया। इस उपलक्ष्य में इस युवा आर्किटेक्ट कुणाक दीपक राजानी को बधाई देने साईं वसण शाह दरबार से ओमी साईं, छोटू साईं, मधुसूदन बापू महाराज, अब्दुल बाबा, विधायक कुमार आयलानी, ओमी कालानी, उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती, शिवसेना नेता राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, जीवन इदनानी, अंकुश मस्के, लाल तनवानी सहित शहर के गणमान्य लोग आए हुए थे। इस युवा

# अंबरनाथ के डॉक्टर पर बलात्कार का आरोप

■ **पीड़ित महिला ने मानपाड़ा पुलिस में दर्ज कराया अपराध**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक प्रख्यात डॉक्टर पर डोंबिवली निवासी एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया है. पीड़िता ने मानपाड़ा पुलिस में अपराध दाखिल किया है. विवाह का लालच बताकर शहर पूर्व के एक 52 वर्षीय अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है.



आरोपी डॉक्टर अंबरनाथ और मुंबई के एक प्रसिद्ध रुग्णालय में कार्यरत है.

पीड़ित महिला के पति की उपचार के दौरान मृत्यु के बाद डॉक्टर का उसके परिवार के साथ संपर्क बढ़ गया. डॉक्टर उसके घर पर आने लगा और उसके लड़के को शैक्षणिक मार्गदर्शन भी करने लगा. इस दरम्यान डॉक्टर ने पीड़ित महिला को शादी का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. दस महिने तक ये सब चलता रहा. ऐसा आरोप पुलिस शिकायत में कहा गया है.

डॉक्टर ने पीड़िता से ये भी कहा कि उसकी पत्नी से उसका जमता नहीं है. जल्द ही तलाक लेकर वह उससे शादी करेगा. इतना ही नहीं लड़के को शिक्षण के लिए परदेश भेजने का आश्वासन भी दिया. फरवरी 2024 में आरोपी डॉक्टर की पत्नी ने पीड़ित महिला से संपर्क करके सत्य बाहर लाया है. ऐसा पीड़िता का कहना है. उसके बाद डॉक्टर ने फोन पर उससे कहा कि उससे गलती हो गई है. मैं तुझसे मिलूंगा नहीं, शादी नहीं करूंगा. ऐसा बोलकर उससे नाता तोड़ लिया. उसकी बाद पीड़िता मानसिक रूप से बीमार पड़ गई. उसने उपचार लिया. बाद में उसने पुलिस से संपर्क किया है. पीड़ित महिला की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस ने डॉक्टर के विरोध में अपराध दाखिल किया है. मामले की अधिक जांच मानपाड़ा पुलिस कर रही है.

# नसबंदी के दौरान कुतिया की मौत, मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** आवारा कुत्तों की देखभाल करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा पिल्ले द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में नसबंदी उपचार के दौरान 'सोनी' नाम की एक कुतिया की अचानक मौत की चौंकाने वाली घटना सामने आई है।

उल्हासनगर-3 की सुभाष कॉलोनी में रहने वाली 46 वर्षीय नर्स और सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पा पिल्ले पिछले कई वर्षों से आवारा कुत्तों की मदद के लिए काम कर रही हैं। उनका काम घायल कुत्तों का इलाज करना, उन्हें खाने-पीने की व्यवस्था करना और नसबंदी के ज़रिए उनकी संख्या को नियंत्रित करने का प्रयास करना है। 15 सितंबर, 2025 को उन्होंने इलाके से 'सोनी' नाम की एक कुतिया को नसबंदी के लिए उल्हासनगर नगर निगम के पीछे स्थित एबीसी केंद्र में भर्ती कराया था। हालांकि, 24 सितंबर की दोपहर जब उन्होंने अस्पताल में फोन करके कुत्ते के बारे में पूछताछ की, तो उन्हें चौंकाने वाली जानकारी मिली कि इलाज के दौरान 'सोनी' की मौत हो गई। इसके बाद, पुष्पा पिल्ले खुद केंद्र गईं और देखा कि नसबंदी के लिए भर्ती 'सोनी' की इलाज के दौरान मौत हो चुकी थी। उनके अनुसार, कुत्ते का इलाज करने के बजाय, केंद्र के कर्मचारियों ने कुत्ते की उपेक्षा की होगी या उसे हानिकारक पदार्थ दिए होंगे। इसलिए, उन्होंने संदेह व्यक्त किया है कि उसकी मौत हो गई। पिल्ले ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा है कि महानगरपालिका के एबीसी केंद्र में लापरवाही या क्रूरता के कारण 'सोनी' की मौत हो गई। इस संबंध में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बारिश से तबाह लोगों के लिए राहत

■ **आयुक्त आव्हाले का फैसला**

■ **अपने वेतन से मदद - कर्मचारियों से भी अपील**

**उल्हासनगर.** संकट के समय समाज के लिए आगे आना ही मानवता की सच्ची पहचान है. इस भावना के साथ, मनपा ने भारी बारिश से प्रभावित किसानों और नागरिकों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। प्रशासक और आयुक्त मनीषा अव्हाले ने अपना वेतन काटकर राहत कोष में दान देने का फैसला किया है। साथ ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से भी स्वेच्छा से योगदान देने की प्रेरक अपील की गई है। मनपा की इस पहल ने एकता, संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता की एक अच्छी मिसाल कायम की है। पिछले कुछ दिनों में राज्य में हुई भारी बारिश के कारण किसानों और आम नागरिकों पर बड़ा संकट आ पड़ा है। कृषि उत्पादजलमग्न हो गए, घर तबाह हो गए, पशुधन बह गए और कई परिवारों को भूखमरी का सामना करना पड़ा। ऐसे समय में, जहाँ प्रशासन और समाज के सभी स्तर मदद के लिए आगे आ रहे हैं, वहीं उल्हासनगर नगर पालिका ने भी अपनी ज़िम्मेदारी स्वीकार करते हुए एक हृदयस्पर्शी पहल की है।

### जनता के लिए सदैव तत्पर...



एक प्रशासन के रूप में, हम जनता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे
भारी बारिश के कारण करोड़ों का नुकसान झेल चुके किसानों और नागरिकों के सामने जीवन-मरण का प्रश्न खड़ा हो गया है। ऐसे में प्रशासन को केवल आदेश या काम करके नहीं, बल्कि संवेदनशीलता के साथ समाज के साथ खड़े होने की आवश्यकता है। मैंने अपने वेतन से मदद करने का निर्णय लिया है। क्योंकि संकट के समय में मदद करना ही सच्ची सेवा है। अगर मेरे साथी भी स्वेच्छा से योगदान देंगे, तो हमारी सामूहिक मदद से जो विश्वास और राहत पैदा होगी, वह किसी भी आर्थिक मदद से बढ़कर होगी। उल्हासनगर नगर निगम एक संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासन के रूप में जनता के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

– **मनीषा अव्हाले**, उल्हासनगर मनपा आयुक्त

### कर्मचारी स्वेच्छा से करेंगे योगदान

महानगरपालिका की प्रशासक और आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अपने वेतन से कुछ राशि काटकर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने महानगर पालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से भी इसी तरह स्वेच्छा से योगदान देने की अपील की है। उन्होंने कहा, अगर हम संकटग्रस्त लोगों के साथ खड़े होंगे, तो उन्हें नई उम्मीद के साथ जीवन जीने का सहारा मिलेगा।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उल्हास विकास संवाददाता**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. शहर पश्चिम में कल्याण-बदलापुर महामार्ग पर आईटीआई के समक्ष आर्डनेंस फैक्टरी की बाहरी दीवार से लगकर एक बड़े झाड़ की डाली में रस्सी लटकी हुई एक युवक की लाश दो दिनों पूर्व अंबरनाथ पुलिस को मिली है. इस युवक ने स्पोर्ट्स शूज पहने हुए हैं और हट्टा-कट्टा दिखाई दे रहा है. युवक ने रात में आत्महत्या की है या सुबह में इसकी जांच पुलिस कर रही है.

केबी सड़क पर वाहनों का एवं राहगीरों का आना-जाना बहुत है. युवक ने आत्महत्या क्यों की है इसकी जांच जारी है. अज्ञात युवक के पास से कोई भी पहचान पत्र या मोबाइल आदि नहीं मिला है.

दूसरा घटना शहर पूर्व की है. एक पुलिस कर्मचारी के लड़के ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है. शिवगंगा नगर परिसर में रहनेवाले एक 24 वर्षीय युवक ने गुरुवार को अपने घर में गले में फांसी लगाकर आत्महत्या की है. उसके पिता पुलिस विभाग में हैं, ऐसा बताया गया है. आईटीआई के समक्ष जिस युवक ने आत्महत्या की है, उसकी आयु 35 से 40 वर्ष की बताई गई है. आजकल ये देखने में आ रहा है कि घरेलू परेशानी को लेकर अथवा बेरोजगारी से अथवा अन्य परेशानियों को लेकर युवक आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मतदाता सूची में बड़े बदलाव

बिहार में मतदाता सूचियों में सुधार की प्रक्रिया पूरी हो गई। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण कर मंगलवार को नई मतदाता सूची जारी कर दी। आयोग की इस कवायद को लेकर राज्य में सियासत गरमा गई थी। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सूचियों के पुनरीक्षण पर सवाल उठाए गए। दस्तावेजी सबूत पर भी खासा विवाद हुआ और मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा। अदालती दखल के बाद ही आधार को नागरिकता दस्तावेजों की सूची में शामिल किया गया और मतदाताओं को इससे अपनी पात्रता साबित करने का मौका मिला।

नई मतदाता सूची के मुताबिक, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ बयालीस लाख है। इससे पहले इस वर्ष जून में यह संख्या 7.89 करोड़ थी। इस लिहाज से मतदाताओं की संख्या छह फीसद कम हो गई है। अड़सठ लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। इनमें पैंसठ लाख नाम एक अगस्त को मसौदा सूची प्रकाशित होने पर और दावे एवं आपत्तियों के चरण में तीन लाख छियासठ हजार नाम अंतिम सूची से हटाए गए।

चुनाव आयोग का कहना है कि हटाए गए कुल नामों में से करीब दो लाख लोग ऐसे हैं, जो राज्य से बाहर जा चुके हैं। इसमें दोराय नहीं कि मतदाता सूचियों में शुचिता के लिए समय-समय पर पुनरीक्षण होना चाहिए। मृत और अयोग्य लोगों के नाम हटने चाहिए। आयोग के मुताबिक, इस बार अस्सी हजार ऐसे लोग थे, जिनके नाम दो बार दर्ज पाए गए। हालांकि इस प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को अपने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया गया था।

नई मतदाता सूची में अगर छह फीसद नाम घटे हैं, तो इक्कीस लाख तिरपन हजार नए मतदाता जुड़े भी हैं। ऐसे में अगर कोई मतदाता खुद के योग्य होने के बावजूद नाम कटने का सवाल उठता है तो चुनाव आयोग को चाहिए कि इस तरह की आपत्तियों का समय रहते निराकरण किया जाए। कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न हो, यह सुनिश्चित करना आयोग की ही जिम्मेदारी है। चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक है।

# सीट बंटवारे पर टिका महागठबंधन, जिद से बढ़ सकती हैं मुश्किलें

कार्यसमिति की बैठक के लिए 85 साल बाद बिहार लौटी कांग्रेस के इरादे को लेकर कोई संदेह था भी तो उसे पार्टी महासचिव नासिर हुसैन ने दूर कर दिया। उनका दावा है कि कांग्रेस जल्द ही घोषित होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के प्रचार अभियान का नेतृत्व करेगी। पटना के सदाकत आश्रम में पांच घंटे चली कार्यसमिति की बैठक में पारित प्रस्तावों में उठाए गए मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, लेकिन असल मकसद विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाना और महागठबंधन में जीत की संभावनाओं वाली ज्यादा से ज्यादा सीटों के लिए दबाव ही है।

कांग्रेस की चुनावी उम्मीदें भी राहुल द्वारा उठाए जा रहे सामाजिक न्याय और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर ही टिकी हैं। बैठक में पारित 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' कांग्रेस की चुनावी रणनीति का ही संकेत है।

जाति-संप्रदाय में बंटी बिहार की राजनीति में अपना वोट बैंक बनाए या बढ़ाए बिना आगामी चुनाव में बड़ा परिवर्तन संभव नहीं। लगभग साढ़े तीन दशक पहले मंडल-कमंडल के बीच राजनीतिक ध्रुवीकरण की प्रक्रिया में ज्यादातर ओबीसी और अल्पसंख्यक लालू यादव के पक्ष में गोलबंद हो गए तो सवर्ण जातियां भाजपा के साथ। दलितों का बड़ा हिस्सा रामविलास पासवान के साथ जुड़ गया। अपनी राजनीतिक संभावनाओं के लिए नीतीश कुमार को अति पिछड़े और महादलित का समीकरण बनाना पड़ा, जिसमें कुछ अल्पसंख्यक वर्ग भी जुड़ा।



इसी प्रक्रिया में लालू यादव के राजद का मुख्य जनाधार यादव-मुस्लिम गठजोड़ तक सिमट गया, जो अब विजयी समीकरण नहीं बनाता। दूसरी ओर, तमाम विस्तार के बावजूद भाजपा ओबीसी और दलित वर्ग में ज्यादा विस्तार नहीं कर पाई। अल्पसंख्यकों में भी भाजपा की पहुंच पसमांदा वर्ग तक ही सीमित है। इसीलिए दोनों पक्षों को सरकार बनाने के लिए नीतीश कुमार के जदयू की जरूरत पड़ती है, जिसकी ईबीसी, महादलित और अल्पसंख्यक वर्ग में स्वीकार्यता है।

अब जब नीतीश कुमार का राजनीतिक जीवन ढलान पर है, कांग्रेस ईबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग को आकर्षित कर अपना जनाधार बढ़ाना चाहती है। अति पिछड़ा न्याय संकल्प के 10 सूत्र सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अति पिछड़े वर्ग के सर्वांगीण विकास को ही लक्षित करते हैं, जिनमें आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत तक बढ़ाने से लेकर शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने और सरकारी ठेकों तक में भी 50 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे वादे शामिल हैं।

राहुल के आरोपों की सत्यता तो किसी निष्पक्ष जांच से ही पता चल पाएगी, लेकिन कई बार सच से ज्यादा जनधारणा निर्णायक साबित होती है। वोट चोरी के आरोपों के समर्थन में राहुल ने अभी तक कर्नाटक और महाराष्ट्र के चुनाव क्षेत्रों के उदाहरण दिए हैं। जीत की संभावना के बीच हरियाणा में हार जाने की चर्चा भी वह करते रहे हैं। विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआइआर) में लाखों वोट काटे जाने को लेकर उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' बिहार में निकाली। इससे कांग्रेस का खस्ताहाल संगठन सक्रिय हुआ।

कार्यसमिति की बैठक के जरिये कांग्रेस ने उस माहौल को बनाए रखते हुए सीट बंटवारे में मजबूत दावेदारी पेश की है। चर्चा है कि कांग्रेस ने 76 विधानसभा सीटों की सूची भी तेजस्वी यादव को इस संदेश के साथ सौंप दी है कि अगर सीट शेयरिंग में विलंब हुआ तो वह 30 सीटों पर प्रचार शुरू कर देगी। राजद बिहार विधानसभा में सबसे बड़ा दल है। फिर भी कांग्रेस उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी को आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने में टालमटोल कर रही है।

2020 में हुए विधानसभा चुनाव में राजग और महागठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था। राजग में सबसे शानदार प्रदर्शन भाजपा ने किया था, जबकि जदयू का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। महागठबंधन में सबसे अच्छा प्रदर्शन राजद ने किया, जबकि कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 70 सीटें लड़ने वाली कांग्रेस मात्र 19 सीटें जीत पाई। छोटे-छोटे वाम दलों का प्रदर्शन भी कांग्रेस से बेहतर रहा।




# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की अधूरी कहानी

समाज में महिला और पुरुषों की आबादी में संतुलन बेहद जरूरी है। देश में बेटियों की कम हो रही संख्या को समान अनुपात में लाने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किए जाते रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना भी इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को रोकना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा बालिकाओं की शिक्षा और शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े कार्यों को गति देना है। बेटियों के लिए यह योजना निश्चित तौर पर बदलाव की वाहक बन सकती है, लेकिन सवाल है कि क्या यह परिणामोन्मुख तरीके से आगे बढ़ पा रही है?

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की हालिया रपट के तथ्यों से तो ऐसा नजर नहीं आ रहा है। रपट में कहा गया है कि इस योजना के तहत पिछले ग्यारह वर्षों में स्वीकृत राशि में से करीब एक तिहाई राशि का इस्तेमाल नहीं हो पाया है। वर्ष 2024-25 (31 दिसंबर तक) में तो सबसे कम करीब तेरह फीसद राशि ही खर्च हो पाई। ऐसे में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसकी सफलता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

यह सच है कि नई तकनीक अपने साथ चुनौतियां भी लेकर आती हैं। भ्रूण परीक्षण जैसे गैरकानूनी और अनैतिक कृत्य भी तकनीक के दुरुपयोग का ही परिणाम है। देश में लिंगानुपात गड़बड़ाने का एक कारण भ्रूण परीक्षण भी है। हालांकि इस पर कानूनन प्रतिबंध है, लेकिन चोरी-छिपे भ्रूण परीक्षण कराने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। हमारे समाज की रूढ़िवादी मानसिकता भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेटे को प्राथमिकता और बेटियों को परिवार पर बोझ समझने की प्रवृत्ति आज भी मौजूद है।



'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में समाज की इस सोच को बदलने का आह्वान भी सम्मिलित है। इसके क्रियान्वयन में जो लापरवाही देखी जा रही है, वह बेहद निराशाजनक है। जब इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया जा रहा है, तो इसका लाभ पात्र बालिकाओं तक कैसे पहुंचेगा? जिस उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी, वह लक्ष्य कैसे हासिल हो पाएगा? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा।

रपट में कहा गया है कि पिछले ग्यारह वर्षों में इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का सौ फीसद इस्तेमाल कभी नहीं हो पाया। यानी संबंधित अधिकारी यह तय ही नहीं कर पाते हैं कि इस राशि को कहां और कैसे खर्च किया जाए। जबकि योजना के मुताबिक, इस राशि का इस्तेमाल लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने, उनमें खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं और शौचालय के निर्माण जैसे कार्यों पर किया जाता है। जिला स्तर पर इस योजना को लागू करने के लिए धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से प्रदान की जाती है।

रपट से पता चलता है कि कई जगह पोस्टर और नारों जैसे कार्यों पर ही अधिक राशि खर्च की गई है, जबकि बालिका शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं पर वास्तविक खर्च सीमित रहा। इससे साफ है कि इस योजना को जमीन पर उतारने में बहुस्तरीय लापरवाही बरती जा रही है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी होगी, तभी यह योजना सही मायने में आगे बढ़ पाएगी।

# पेट में 'बच्चा' लेकर पैदा हुआ शिशु, डॉक्टरों भी हैरान

**जरा हट के**

कर्नाटक से एक बड़ा ही गजब मामला सामने आया है, यहां एक नवजात बच्चे के पेट में बच्चा पलने के खबर सामने आई है. रिपोर्ट्स की मानें तो ऐसा 5,00,000 बच्चों में से केवल एक बच्चे में होता है. इस बच्चे को लोग कुदरत का चमत्कार का नाम दे रहे हैं. चलिए आपको पूरी बात बताते हैं.

दरअसल, मामला कर्नाटक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का है. यहां 23 सितंबर को एक महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. डिलीवरी में मां-बेटा दोनों स्वस्थ थे. लेकिन बच्चे के जन्म के बाद जब उसकी स्कैनिंग हुई तो सामने आया कि बच्चे के पेट के भीतर एक और भ्रूण है. इस स्थिति को मेडिकल लैंग्वेज में फीटस इन फीटू कहते हैं.

बता दें कि, फीटस इन फीटू एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति है. ऐसा में गर्भ में पल रहे जुड़वां बच्चों में से बच्चे का विकास



रुक जाता है और दूसरे भ्रूण के शरीर के भीतर विकसित होने लगता है. आसान शब्दों में कहें तो एक बच्चे के पेट में दूसरा बच्चा पलने लगता है. दुनिया भर में अब तक ऐसे 200 से भी कम मामले सामने आए हैं. वहीं लगभग हर 5,00,000 जन्मों में से केवल 1 ही ऐसा केस सामने आता है. हालांकि ऐसा बच्चों के बचने की संभावनाएं बहुत ही कम होती हैं.

### जल्द ही बच्चे की सर्जरी होगी

डॉक्टरों का कहना है कि समय रहते इसे सर्जरी के जरिए निकालना जरूरी होगा, वरना बच्चे को खतरा हो सकता है. उन्होंने कहा कि माता-पिता की सहमति के बाद बच्चे की सर्जरी की जाएगी ताकि उसके भविष्य को सुरक्षित रखा जा सके.

### इससे पहले भी सामने आया है मामला

बता दें कि, फरवरी 2025 में महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था. वहां एक महिला ने जिस बच्चे को जन्म दिया, उसके पेट में एक नहीं बल्कि दो भ्रूण पाए गए थे. उन भ्रूणों में हाथ और पैर तक बने हुए थे. बाद में बच्चे को अमरावती के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया था.




# कॉर्न सैंडविच

**सामग्री :**

- टमाटर - 4
- प्याज - 2
- अदरक-लहसुन पेस्ट
- पनीर - 200 ग्राम
- काजू - 15-20
- मक्खन - 2 बड़े चम्मच
- तेल - 1 बड़ा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - 1 चम्मच
- धनिया पाउडर - 1 चम्मच
- गरम मसाला - आधा चम्मच
- कसूरी मेथी - 1 चम्मच
- शहद या चीनी - 1 चम्मच
- नमक - स्वादानुसार
- बासमती चावल - 1.5 कप
- पानी - 3 कप
- तेजपत्ता - 1
- दालचीनी - 1 टुकड़ा
- हरी इलायची - 2
- लौंग - 2
- केसर - 1 चुटकी
- पुदीना और धनिया पत्ती - बारीक कटी हुई
- घी - 2 बड़े चम्मच
- प्याज - 1 (तला हुआ)

**विधि :**



एक पैन में थोड़ा तेल और मक्खन गरम करें। इसमें प्याज, टमाटर, काजू, अदरक-लहसुन पेस्ट और थोड़ा नमक डालकर नरम होने तक पकाएं। मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर इसे अच्छी तरह पीसकर एक स्मूथ पेस्ट बना लें। उसी पैन में थोड़ा और मक्खन डालकर पेस्ट को वापस डालें। इसमें लाल मिर्च, धनिया और गरम मसाला डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इसमें पनीर के टुकड़े, कसूरी मेथी और शहद या चीनी डालकर मिलाएं और 2-3 मिनट तक पकाएं। आपकी मखनी ग्रेवी तैयार है। चावल को 30 मिनट के लिए भिगो दें। एक बड़े बर्तन में घी गरम करें। तेजपत्ता, दालचीनी, इलायची और लौंग डालकर भूनें। अब इसमें चावल और पानी डालें। नमक डालकर मिलाएं और चावल को 80% तक पकाएं। एक बड़े बर्तन में मखनी ग्रेवी की एक परत फैलाएं। अब इसके ऊपर आधे पके हुए चावल की एक परत डालें। इसके ऊपर थोड़ा तला हुआ प्याज, पुदीना और धनिया पत्ती छिड़कें। फिर से मखनी ग्रेवी की एक परत डालें और ऊपर से बाकी चावल फैलाएं। आखिर में, केसर वाला दूध, तला हुआ प्याज और पुदीना-धनिया पत्ती डालकर बर्तन को ढक दें।धीमी आंच पर 15-20 मिनट तक पकाएं ताकि सभी स्वाद एक-दूसरे में मिल जाएं।

# खूबसूरती के चक्कर में चेहरे पर कभी न लगाएं ये चीजें

हमारी स्किन, खासकर चेहरे की स्किन, बहुत ही नाज़ुक और सेंसिटिव होती है। यही कारण है कि इसे लेकर एक्स्ट्रा सावधानी बरतना जरूरी है। सुंदर और हेल्दी स्किन पाने की चाह में कई बार लोग घरेलू उपायों या सोशल मीडिया पर वायरल ट्रेंड्स का आंख मूंदकर भरोसा करते हैं, लेकिन ये उपाय हमेशा सुरक्षित नहीं होते।
कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो चेहरे पर लगाने से फायदे की बजाय नुकसान कर सकती हैं,जैसे कि स्किन इरिटेशन, एलर्जी, मुंहासे या पिग्मेंटेशन। यहां ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानकारी दी गई है जिन्हें चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। तो आइए जानते हैं इनके बारे में-

**टूथपेस्ट** - पिंपल्स सुखाने के लिए लोग टूथपेस्ट लगाते हैं, पर इसमें मौजूद फ्लोराइड, बेकिंग सोडा और मेंथॉल जैसी चीजें स्किन को जलाकर लाल कर सकती हैं।

**नींबू का रस (सीधा)-** नींबू में साइट्रिक एसिड होता है जो स्किन को ब्लीच कर सकता है। इसे सीधे चेहरे पर लगाने से जलन, रैशेज और टैनिंग हो सकती है, खासकर धूप में जाने पर।

**गरम तेल** - चेहरे पर गरम तेल लगाने से स्किन के पोर्स बंद हो सकते हैं, जिससे एक्ने की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा हल्का, ठंडा और नॉन-कॉमेडोजेनिक तेल इस्तेमाल करें।

**बॉडी लोशन-** बॉडी लोशन में ऐसे इंग्रेडिएंट्स होते हैं जो मोटी स्किन के लिए बने होते हैं, चेहरे के लिए ये बहुत हेवी होते हैं और पोर्स ब्लॉक कर सकते हैं।



**हेयर स्प्रे और परफ्यूम-** इनमें एल्कोहल की मात्रा अधिक होती है, जो स्किन को ड्राई और इरिटेट कर सकती है। इससे स्किन पर लाल धब्बे या खुजली हो सकती है।

**रबिंग अल्कोहल** - कुछ लोग ऑयली स्किन के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह स्किन की नेचुरल नमी छीन लेता है और स्किन बैरियर को नुकसान पहुंचा सकता है।

**बेबी ऑयल** - वैसे तो बेबी ऑयल सॉफ्ट होता है, पर चेहरे पर लगाने से यह पोर्स को बंद कर देता है, जिससे ब्लैकहेड्स और एक्ने हो सकते हैं।

**बेकिंग सोडा** - इसका पी एच लेवल स्किन से मेल नहीं खाता। यह स्किन की नेचुरल नमी को नष्ट कर सकता है और लंबे समय तक इस्तेमाल से स्किन ड्राई और सेंसिटिव हो जाती है।

**ग्लू (DIY मास्क में)** - ब्लैकहेड हटाने के लिए ग्लू लगाना खतरनाक हो सकता है क्योंकि यह केमिकल युक्त होता है और स्किन की ऊपरी परत को नुकसान पहुंचा सकता है।

**एक्सपायर्ड ब्यूटी प्रॉडक्ट्स** - पुराने या एक्सपायर्ड प्रॉडक्ट्स में बैक्टीरिया पनप सकते हैं, जिससे चेहरे पर रैशेज, एलर्जी या ब्रेकआउट्स हो सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** : आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मकर** : आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पोंछे के पानी में मिलाएं ये 3 चीजें

## छिपकली और कॉकरोच भाग जाएंगे घर से दूर



छिपकली और कॉकरोच... इन दोनों का नाम सुनते ही कई लोगों को घिन आती है। ये ऐसे जीव हैं, जो घर के हर कोने में घुस जाते हैं और इनसे छुटकारा पाना एक बड़ी चुनौती लगती है। महंगे पेस्ट कंट्रोल और तेज केमिकल वाले स्प्रे भी इनपर अक्सर काम नहीं करते या फिर उनका असर कुछ ही दिनों में खत्म हो जाता है, लेकिन अब आपको इन सब झंझटों से छुटकारा मिल जाएगा।

जी हां, आज हम आपको बताएंगे कि कैसे सिर्फ 3 साधारण चीजों को पोंछे के पानी में मिलाकर आप अपने घर को हमेशा के लिए छिपकली और कॉकरोच-फ्री बना सकते हैं।

### कौन-सी हैं वो 3 जादुई चीजें?

आपको बस अपने घर के पोंछे के पानी में ये तीन चीजें मिलानी हैं:

**सेंधा नमक :** सेंधा नमक में एक तेज स्मेल होती है जो छिपकलियों और कॉकरोच को बिल्कुल पसंद नहीं आती। यह उनकी सूंघने की शक्ति को प्रभावित करता है और उन्हें उस जगह से दूर रहने के लिए मजबूर करता है।

**सफेद सिरका :** सिरका एक पावरफुल क्लीनिंग एजेंट है और इसकी खट्टी गंध कीड़े-मकौड़ों के लिए बहुत असहनीय होती है। यह उन्हें तुरंत भगाने का काम करता है।

**नीम का तेल :** नीम का तेल प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में जाना जाता है। इसकी कड़वी गंध और स्वाद की वजह से कॉकरोच और छिपकलियां इसकी तरफ बिल्कुल नहीं आते। इसलिए, यह भी एक बेहद असरदार और सुरक्षित उपाय है।

### कैसे करें इसका इस्तेमाल?...

- एक बाल्टी पानी लें और उसमें 2 चम्मच सेंधा नमक, आधा कप सफेद सिरका और 15-20 बूंदें नीम का तेल मिलाएं। इस घोल को अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब आप रोजाना की तरह इस पानी से अपने घर में पोंछा लगाएं। खासकर उन जगहों पर ध्यान दें जहां छिपकलियां और कॉकरोच ज्यादा आते हैं, जैसे किचन के कोने, दीवारों के पास और बाथरूम में।
- इस उपाय को लगातार कुछ दिनों तक इस्तेमाल करने से आपको फर्क साफ नजर आने लगेगा। आपके घर से छिपकलियां और कॉकरोच धीरे-धीरे गायब हो जाएंगे।
- तो इस बार केमिकल्स पर पैसे खर्च करने के बजाय, इस आसान और सुरक्षित घरेलू नुस्खे को जरूर आजमाएं और अपने घर को साफ-सुथरा और इंसेक्ट-फ्री बनाएं।

# ग्लू या फेवीक्विक से चिपक गई हैं उंगलियां?

- **इन 5 आसान ट्रिक को आजमाएं**
- **सेकेंड में निकल जाएगा हाथों से गोंद**

घर में रखी मूर्ति, शो पीस गिरने से क्रैक हो जाती है. ऐसे में बहुत अफसोस होता है. इन्हें फेंकने का मन नहीं करता है. आप इन्हें फेवीक्विक या मार्केट में मिलने वाले ग्लू से चिपकाने लगते हैं. कई बार जल्दबाजी में ये चिपचिपे गोंद उंगलियों, हथेलियों, स्किन पर लग जाते हैं. सिर्फ पानी से ये जल्दी नहीं निकलते हैं. अब ऐसे में क्या किया जाए?

### उंगलियों पर चिपके ग्लू या फेवीक्विक को कैसे छुड़ाएं?

- यदि आपने किसी टूटी हुई चीज को चिपकाने के लिए फेवीक्विक का इस्तेमाल किया है या किसी अन्य गोंद का और वो उंगलियों, हथेलियों, हाथ की त्वचा पर चिपक गई है और छूट नहीं रही है तो आप नमक से इसे हटा सकते हैं. आप थोड़े से नमक को उस जगह पर लगा दें और ब्रश से रगड़ें. इसे काफी हद तक फेवीक्विक का चिपचिपा पदार्थ निकल जाएगा. नमक में थोड़ा सिरका भी डाल सकते हैं.
- आप ऑलिव ऑयल और पेट्रोलियम जेली भी लगाकर ग्लू को हाथों से छुड़ा सकते हैं. जहां भी ग्लू लगा है, वहां थोड़ा सा जैतून का तेल या पेट्रोलियम जेली लगाकर कुछ मिनट के लिए छोड़ दें. अब इसे ब्रश या उंगलियों से रगड़ें ताकि ये ढीला हो जाए. कुछ ही देर में ग्लू निकल जाएगा.



- आप नेलपॉलिश लगाती हैं तो नेल पॉलिश रिमूवर भी होगा. ये भी चिपकने वाले पदार्थ को त्वचा से हटाने में कारगर होता है. हथेलियों, उंगलियों में यदि फेवीक्विक या कोई भी ग्लू चिपक गया है कॉटन में नेल पॉलिश रिमूवर लगाकर वहां रगड़ें. अगर जिद्दी ग्लू है और नहीं छूट रहा है आसानी से तो एसटोन (Acetone) बेस्ड नेल पेंट रिमूवर का यूज करें. इससे कपड़े पर भी लगे गोंद, ग्लू या कोई भी चिपकने वाले पदार्थ आसानी से ढीला होकर हटा जाएगा.
- नींबू में एसिड होता है, जो चिपकने वाले पदार्थ को हटाने में कारगर होता है. आपकी उंगलियों या स्किन पर कहीं भी ग्लू लग गया है तो तुरंत उसपर नींबू का रस डालें और ब्रश की मदद से रगड़ें. काफी हद तक ग्लू निकल जाएगा.
- आप यदि तुरंत ही ग्लू या फेवीक्विक पर गुनगुना पानी डाल देंगे तो वो हार्ड नहीं होगा. आसानी से लूज होकर निकल जाएगा. गुनगुने पानी में साबुन या सर्फ डालकर उसे मिक्स करें. इसमें उंगलियों या हथेलियों को डुबाकर कुछ मिनट रखें. ये ग्लू लूज और सॉफ्ट होकर निकल जाएगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बदमाश का एनकाउंटर, पैर में गोली मारकर 50 हजार के इनामी को पुलिस ने किया अरेस्ट

**अमेठी.** यूपी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चंदौली, जौनपुर व अमेठी जिले में गोतस्करी की घटनाओं में संलिप्त 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। एक सप्ताह के अंदर हुई तीसरी पुलिस मुठभेड़ में एसओजी टीम व रामगंज पुलिस ने गोतस्करी के अभियुक्त को धर दबोचा। अभियुक्त द्वारा चलाई गई गोली के जवाब में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसका इलाज कराकर विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। एएसपी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि बीते 11 सितम्बर की रात गोवंश लादकर ले जा रही पिकअप गाड़ी को रोकने पर पिकअप सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया था। जिसमें से पांच अभियुक्तों को पुलिस ने 15 दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं एक अभियुक्त अरुण को बीते 28/29 सितम्बर की रात पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की पुलिस को तलाश थी।

### बरेली में ऐक्शन पर ऐक्शन: आईएमसी नेता नफीस खां का रजा पैलेस ध्वस्त

**बरेली.** बरेली में 26 सितंबर को जुमा नमाज के बाद हुए बवाल के आरोपियों के खिलाफ ऐक्शन पर ऐक्शन हो रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम उपद्रवियों और उनके करीबियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। शनिवार को जखीरा स्थित रज़ा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह इमारत आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नफीस खां और उनके पार्टनर शोहेब बेग की बताई जा रही है। कार्रवाई से पहले बिजली कनेक्शन काट दिए गए। उसके बाद प्रशासन, पुलिस और बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम तीन बुलडोज़रों के साथ मौके पर पहुंची और अवैध हिस्से को गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई है। प्रशासन का कहना है कि उपद्रवियों की अवैध संपत्तियों पर यह अभियान जारी रहेगा।

### आगे कोई ऐसी गलती न करे, प्रेमी संग फरार हुई पत्नी तो पति 4 बच्चों संग यमुना में कूदा

**शामली.** यूपी के शामली के कैराना में प्रेमी संग पत्नी के फरार होने पर पति अपने चार बच्चों संग यमुना में कूद गया। यमुना में कूदने से पहले उसने वीडियो बनाई और उसे अपनी बहन को भेजा जिसमें वह अपनी मौत का जिम्मेदार पत्नी और उसके प्रेमी को बताया है। उसने कहा कि वह चाहता है कि आगे कोई इंसान ऐसी गलती नहीं करे। सात महीने से इन दोनों ने उसकी जिंदगी तबाह कर दी है। पत्नी के अवैध संबंधों से परेशान होकर वह बच्चों के साथ यह कदम उठा रहा है। घटना का पता लगने के बाद एसडीएम के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मूल रूप से कैराना के मोहल्ला अफगानान के निवासी और वर्तमान में मोहल्ला खैलकलां में रहने वाले 38 वर्षीय सलमान अपने चार मासूम बच्चे 12 वर्षीय बेटी महक, 5 वर्षीय शिफा, 3 वर्षीय बेटे आयान और मात्र आठ माह की इनायशा को लेकर पुराने पुल से यमुना नदी में कूद गया। कूदने से पहले उसने वीडियो बनाई जिसमें सलमान ने कहा कि उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने सात महीने से उसका जीवन नर्क बना दिया है। यह भी कहा कि उसकी मौत और बच्चों की मौत के लिए वही लोग जिम्मेदार होंगे।

# ‘जननायक’ पद की चोरी हो रही, बिहार वाले सावधान!

■ **PM मोदी ने राहुल और राजद पर साधा निशाना**



**नई दिल्ली.** पीएम सेतू योजना की लॉन्चिंग और आईटीआई दीक्षांत समारोह के मौके पर आयोजित युवा संवाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन से राहुल गांधी और बिहार की लालू-राबड़ी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के जननायक पद की चोरी की कवायद की जा रही है। बिहार के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। पिछले दिनों वोटर अधिकार यात्रा से समय कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी को तो पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव को जननायक बताया था। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर राहुल गांधी को जननायक बताकर पोस्ट किया गया था।

युवा संवाद को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को नई स्किल यूनिवर्सिटी मिली है। नीतीश जी की सरकार ने इस यूनिवर्सिटी का नाम भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर रखा है। मैं बिहार के लोगों को कहूंगा चौकन्ने रहिए। यह जननायक पद कर्पूरी ठाकुर से ही शोभाएमान है। बिहार की जनता ने उनकी कृति को देखते हुए यह सम्मान दिया। आजकल कुछ लोग जननायक की भी चोरी करने में लग गए हैं। इसलिए बिहार के लोगों से जागृत रहने का आग्रह करता हूं। हमारे कर्पूरी ठाकुर साहब को जनता के द्वारा दिया गया सम्मान कोई चोरी न कर ले।

पीएम ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा और शिक्षा विस्तार के लिए लगा दिया। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी आगे बढ़े। उनके नाम पर बनने वाले इसके लिए यूनिवर्सिटी इस सपने को आगे बढ़ने का माध्यम है। बिहार के हजारों युवा हमारे साथ जुड़े हैं। दो-ढाई दशक पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था कैसी थी, इसका अंदाजा उन्हें नहीं होगा। एक भी ढंग के संस्थान नहीं थे। ईमानदारी से स्कूल नहीं खुलते थे। कोई भर्ती नहीं होती थी। मजबूरी में लाखों बच्चों को बिहार छोड़कर दूसरे राज्यों में पढ़ने जाना पड़ता था। असली पलायन यहीं से शुरू होता था।

पीएम ने कहा कि जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता हैउसे फिर से जीवित करना बहुत बड़ा पराक्रम होता है। राजद के कुशासन में बिहार की हालत उसी पेड़ की तरह हो गई थी। सौभाग्य से बिहार के लोगों ने नीतीश जी को मौका दिया और एनडीए की पूरी टीम मिलकर बेपटरी बिहार को फिर पटरी पर ले आया। आज यहां इस कार्यक्रम में भी इसकी झलक दिख रही है।

# बाला साहेब के निधन के बाद उद्धव ने लिए थे अंगूठे के निशान

■ **बयान पर अड़े राम कदम**

■ **दो मंत्रियों का समर्थन**



**मुंबई.** शिवसेना संस्थापक बाल साहेब ठाकरे की मृत्यु के लगभग 13 साल बाद उनकी चर्चा एक बार फिर से तेज है। दशहरा कार्यक्रम के दौरान बाला साहेब की मृत्यु पर बयान देकर चर्चा में आए शिवसेना शिंदे गुट के नेता राम कदम शुक्रवार को भी अपने इस दावे पर अड़े रहे कि बाल साहेब ठाकरे की मृत्यु की घोषणा से 2 दिन पहले ही उनकी मृत्यु हो गई थी। इस दौरान उनका शव मातोश्री में रखा रहा। पूर्व मंत्री राम कदम ने उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि बाला साहेब के निधन के बाद उद्धव ने उनकी अंगुलियों के निशान थे। कदम यहीं नहीं रुके उन्होंने उद्धव ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा कि ठाकरे का और उनका नार्को टेस्ट कर लेना चाहिए, ताकि पता चल सके कि कौन झूठ बोल रहा है और कौन सच।

राम कदम को इस मामले में अब शिवसेना के बाकी साथियों का समर्थन भी मिल रहा है। महायुति सरकार में मंत्री और शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने भी रामकदम का समर्थन करते हुए कहा कि कदम द्वारा लगाए गए आरोपों में दम है। उन्होंने कहा, ‘कदम द्वारा लगाए गए आरोप झूठे नहीं हैं लेकिन हम इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते, क्योंकि इससे बाला साहेब की आत्मा को ठेस पहुंचेगी’

शिरसाट ने दावा किया कि बाला साहेब की अंतिम संस्कार की तैयारी उनके निधन की घोषणा के दो दिन पहले से ही की जा रही थीं। उन्होंने कहा, ‘मैं मातोश्री में था। पूर्व सांसद विनायक राउत (तब अविभाजित शिवसेना में) ने दो दिन पहले ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। (मुंबई) पुलिस आयुक्त ने पूछा कि क्या हुआ है। इसके बाद, तत्कालीन शिवसेना नेता दिवाकर रावते ने राउत द्वारा की गई (अंतिम संस्कार की) व्यवस्था हटा दी।’

वहीं, दूसरी और भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे ने भी उद्धव ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि उद्धव ने ही उन्हें बाला साहेब के अंतिम दिनों में उनसे मिलने नहीं दिया था। उन्होंने कहा, ‘उद्धव ठाकरे ने नारायण राणे को बाल ठाकरे के अंतिम दिनों में उनसे मिलने नहीं दिया। कदम ही बेहतर बता सकते हैं कि उन दो-तीन दिनों में वहां (मातोश्री में) क्या हो रहा था। हमें बस इतना पता है कि स्विट्जरलैंड से कोई आने वाला था और कुछ कागजों पर हस्ताक्षर के बाद (निधन) की घोषणा होनी थी।’ उन्होंने कहा कि जितनी देर उद्धव ठाकरे चुप रहेंगे, उतनी ही देर तक वह इन बातों को सही ठहराते रहेंगे। इसलिए उन्हें सामने आकर सच्चाई बतानी चाहिए।

उद्धव ठाकरे के प्रमुख सहयोगी संजय राउत ने राम कदम पर पलटवार करते हुए उनके इस आरोप को दिवंगत नेता के साथ विश्वासघात करार दिया। उन्होंने कहा, ‘ऐसे बयान देना बालासाहेब ठाकरे के साथ विश्वासघात है।’

# कोल्ड्रिफ और नेक्स्ट्रो-डीएस सिरप तमिलनाडु के बाद एमपी में बैन

### इन्हीं से छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की मौत हुई कंपनी के सभी उत्पादों पर प्रतिबंध

**भोपाल.** तमिलनाडु के बाद मध्यप्रदेश में भी कोल्ड्रिफ (Coldrif) और नेक्स्ट्रो-डीएस (Nextro-DS) कफ सिरप को बैन कर दिया गया है। इन्हीं सिरप की वजह से छिंदवाड़ा में 9 बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हुई है। सीएम मोहन यादव ने X पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है।

स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर बच्चों को कोल्ड्रिफ (Coldrif) और नेक्स्ट्रो-डीएस (Nextro-DS) कफ सिरप देने की बात सामने आई थी। बच्चों की मौत के बाद जांच के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं। अब SIT बनाकर राज्य स्तर पर जांच की जाएगी।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने X पर लिखा- छिंदवाड़ा में Coldrif सिरप के कारण हुई बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। इस सिरप की बिक्री को पूरे मध्यप्रदेश में बैन कर दिया है। सिरप को बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है।



“ बच्चों की दुखद मृत्यु के बाद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई चल रही थी। राज्य स्तर पर भी इस मामले में जांच के लिए टीम बनाई गई है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश

सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है। इसलिए घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था। आज सुबह जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। रिपोर्ट के आधार पर कड़ा एक्शन लिया गया है। साल 2023 में डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस ने सभी राज्यों को पत्र भेजकर बताया था कि इस फॉर्मूले की दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए। इसके बावजूद छिंदवाड़ा के डॉक्टरों द्वारा यह दवा लिखी गई। जिन 9 मासूमों की मौत हुई है, उनमें से 7 की उम्र 4 साल या उससे कम है। जबकि 2 बच्चे 5 साल के ही हैं।

सिर्फ छिंदवाड़ा में ही सप्लाई होती थी कोल्ड्रिफ सिरप

खुलासा हुआ है कि जो कोल्ड्रिफ सिरप सप्लाई की गई थी, उन्हें जबलपुर से भेजा गया था। हालात की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर कलेक्टर ने पहले ही COLDRIF SYRUP और Nastro- DS सिरप पर बैन लगा दिया था। छिंदवाड़ा में श्री सन फार्मा कंपनी के मैनेजर की डिमांड पर महाकौशल डीलर कटारिया फार्मास्यूटिकल से इस कफ सिरप की सप्लाई होती थी। खास बात यह है कि कोल्ड्रिफ सिरप के लिए पूरे महाकौशल में सिर्फ छिंदवाड़ा से ही डिमांड आती थी।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने निचली अदालत के दो जज बर्खास्त किए

■ **एक रिश्वत लेने का दोषी**

■ **दूसरा जांच में जब्त ड्रग्स का इस्तेमाल कर रहा था**



**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निचली अदालत के दो जजों को कदाचार और न्यायिक अधिकारियों के अनुरूप आचरण न करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया है। सतारा के एडीशनल सेशन जज धनंजय निकम और पालघर के सिविल जज सीनियर डिवीजन इरफान शेख की बर्खास्तगी का फैसला अनुशासन समिति की जाँच के बाद लिया गया।

धनंजय निकम पर रिश्वतखोरी का आरोप है, जबकि इरफान शेख NDPS एक्ट के तहत मामलों की सुनवाई के दौरान भ्रष्टाचार करने और जांच के दौरान जब्त ड्रग्स के इस्तेमाल के लिए दोषी पाए गए। शेख के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर एक याचिका अभी भी लंबित है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सतारा के डिस्ट्रिक्ट सेशन जज निकम के खिलाफ 5 लाख की रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया था। जनवरी में, उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का रुख किया और दावा किया कि वह निर्दोष हैं। उन्हें फंसाया गया है। हाईकोर्ट ने मार्च में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

मामला एक महिला के पिता की हिरासत से जुड़ा था। निचली अदालत से जमानत न मिलने के बाद महिला ने सतारा सेशन कोर्ट में नई अर्जी लगाई, जिस पर निकम ने सुनवाई की। एसीबी ने आरोप लगाया है कि मुंबई के किशोर संभाजी खरात और सतारा के आनंद मोहन खरात ने निकम के कहने पर महिला से अनुकूल आदेश के लिए 5 लाख रुपए की मांग की।

एजेंसी ने दावा किया कि 3 से 9 दिसंबर, 2024 के बीच की गई जांच के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। एसीबी ने निकम, खरात परिवार और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ‘नायक नहीं, नालायक है तू’

■ **RSS की तारीफ करने पर संजय दत्त पर भड़के कांग्रेस नेता**

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की 100वीं वर्षगांठ पर साझा किए गए एक वीडियो ने सियासी हलचल मचा दी है। उस वीडियो में संजय दत्त आरएसएस की तारीफ करते हुए 100वीं वर्षगांठ पर शुभकामना दे रहे हैं। कांग्रेस को यह पसंद नहीं आया और देश की सबसे पुरानी पार्टी ने संजय दत्त को नालायक तक कह दिया।

संजय दत्त ने 2 अक्टूबर के दिन अपने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, ‘संघ हमेशा देश के साथ खड़ा रहा है, खासकर संकट और मुश्किल समय में।’ इस बयान के बाद से ही सोशल मीडिया पर विवाद और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है।

#### कांग्रेस का तीखा हमला

कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने संजय दत्त पर बेहद कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ‘नायक नहीं, खलनायक है तू। अपने पिता का नालायक है तू।’ आपको बता दें कि संजय दत्त के पिता सुनील दत्त कांग्रेस के दिग्गज नेता हुआ करते थे। वह सांसद भी रहे। वहीं, उनकी बहन प्रिया दत्त भी कांग्रेस से जुड़ी हैं। संजय दत्त ने दोनों की विचारधारा के विपरीत जाकर RSS की प्रशंसा की है।

# बुलडोजर एक्शन का मतलब कानून तोड़ना - CJI गवई

■ **सरकार एक साथ जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती**



**नई दिल्ली.** चीफ जस्टिस (CJI) बीआर गवई ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था रूल ऑफ लॉ यानी (कानून के शासन) से चलती है, इसमें बुलडोजर एक्शन की जगह नहीं है। CJI मॉरीशस में आयोजित सर मॉरिस रॉल्ट मेमोरियल लेक्चर 2025 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल के फैसले में अदालत ने स्पष्ट किया था कि किसी आरोपी के खिलाफ बुलडोजर चलाना कानून की प्रक्रिया को तोड़ना है। CJI ने कहा- सरकार एक साथ जज, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। बुलडोजर शासन संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण के अधिकार ) का उल्लंघन है। लेक्चर के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम और मुख्य न्यायाधीश रेहाना मंगली गुलबुल भी मौजूद थे।

#### तीन तलाक जैसे अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए

CJI ने तीन तलाक खत्म करने, व्यभिचार कानून को निरस्त करने, चुनावी बॉन्ड स्कीम और निजता को मौलिक अधिकार मानने जैसे फैसलों का भी जिक्र किया। गवई ने कहा कि इन सभी फैसलों ने दिखाया कि अदालत ने रूल ऑफ लॉ को एक ठोस सिद्धांत बनाया है, जिससे मनमाने और अन्यायपूर्ण कानून खत्म किए गए।

#### भारत में रूल ऑफ लॉ नैतिक और सामाजिक ढांचा

CJI गवई ने कहा कि भारत में रूल ऑफ लॉ केवल नियमों का सेट नहीं है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक ढांचा है, जो समानता, गरिमा और सुशासन सुनिश्चित करता है। उन्होंने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का हवाला देते हुए कहा कि उनका दृष्टिकोण बताता है कि लोकतंत्र में कानून का राज ही समाज को न्याय और जवाबदेही की ओर ले जाता है।

**भारत ने वेस्टइंडीज से 77 साल का हिसाब चुकता किया**

# ढाई दिन में जीता अहमदाबाद टेस्ट




■ **217 ओवर में खत्म हो गया मैच**

भारत ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हरा दिया है। यह मुकाबला तीसरे दिन टी-ब्रेक से पहले ही खत्म हो गया। एक टेस्ट मैच में 450 ओवर का खेल मुमकिन होता है, लेकिन अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट 217.2 ओवर में ही समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी शनिवार को 45.1 ओवर में महज 146 रन के स्कोर पर सिमट गई। रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 3 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। एक विकेट वॉशिंगटन सुंदर को मिला।

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 448/5 के स्कोर पर घोषित कर दी। यानी भारतीय टीम ने मैच के तीसरे दिन बिल्कुल बैटिंग नहीं की। वेस्टइंडीज को पारी की हार से बचने के लिए 287 रनों की जरूरत थी। उसकी पहली पारी 162 रन पर ऑलआउट हुई थी।

#### 77 साल में पहली बार घर में वेस्टइंडीज से जीत-हार बराबर

यह सीरीज शुरू होने से पहले वेस्टइंडीज दुनिया की इकलौती टीम थी जिसके खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत को अपने ही देश में जीत कम और हार ज्यादा मिली थी। अब जीत और हार के नंबर बराबर हो गए हैं। अगर भारतीय टीम दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में भी जीत हासिल कर लेती है तो टेस्ट खेलने वाली सभी टीमों के खिलाफ उसका घरेलू रिकॉर्ड पॉजिटिव हो जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम 1948 में पहली बार भारत के दौरे पर आई थी। तब से वह भारतीय जमीन पर जीत के मामले में भारतीय टीम से आगे रही थी।

# हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

■ **ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी**

■ **इजराइल तुरंत हमला रोकने को तैयार**



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने शुक्रवार रात ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फॉर्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पॉइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजराइल को तुरंत गाजा में हमले करना बंद करने को कहा है। वहीं, इजराइल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजराइल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है। इसके लिए वे ट्रम्प और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि जंग खत्म हो।

इसके साथ ही इजराइल गाजा में हमला रोकने को तैयार हो गया है। सरकार ने सेना को गाजा पर कब्जे की कार्रवाई को रोकने का आदेश दिया है। इसमें कहा गया है कि सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही कार्रवाई की जाए। हमास सभी 48 बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है। इनमें से 20 के जिंदा होने का दावा किया जाता है। बंधक सीजफायर लागू होने के 72 घंटे के भीतर रिहा किए जाएंगे और बदले में 2,000 से ज्यादा फिलिस्तीनी सुरक्षा कैदियों और मारे गए गाजावासियों के शव लौटाए जाएंगे। इसके बाद इजराइल गाजा से अपनी वापसी का पहला फेज पूरा करेगा। बंधकों को तब ही रिहा किया जाएगा जब जरूरी परिस्थितियां तैयार हो जाएंगी। हालांकि, हमास ने इन परिस्थितियों के बारे में और कुछ नहीं बताया है।

हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर इस दिन को बहुत खास बताया है। उन्होंने कहा है अभी भी कई मुद्दे पर काम बाकी है। उन्होंने कहा कि वे बंधकों के जल्द से जल्द घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि बंधक जल्द से जल्द अपने मां-पिता के पास लौटें।


## आम सूचना

मैं श्रीमती शीतल सुर्यकांत चौगुले सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1358 के सामने, उल्हास विद्यालय के पीछे, मराठा सेक्शन 32, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 42सीओ009645400) उक्त प्रॉपर्टी श्री निखिल सुर्यकांत चौगुले व श्री स्वप्निल सूर्यकांत चौगुले ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 30.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती शीतल सुर्यकांत चौगुले**

## आम सूचना

मैं श्रीमती हीरावती देवी वीरेंद्र कुमार प्रजापति सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, नाका नं. 11 के पीछे, विठ्ठल कॉलोनी, गायकवाड़ पाड़ा, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ019310200) उक्त प्रॉपर्टी मिस राधा वीरेंद्र कुमार प्रजापति, मिस रुकमा वीरेंद्र कुमार प्रजापति, कु. रिया वीरेंद्र कुमार प्रजापति, कु. रागिनी वीरेंद्र कुमार प्रजापति, कु. परी वीरेंद्र कुमार प्रजापति, मास्टर राम वीरेंद्र कुमार प्रजापति ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 30.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती हीरावती देवी वीरेंद्र कुमार प्रजापति**

## आम सूचना

हम श्री अजित कुमार धुक्कु प्रजापति व श्रीमती संजना अजित कुमार प्रजापति सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, शिवाजी नगर, मद्रासी पाड़ा, मराठा सेक्शन 32, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 42सीओ013633400) उक्त प्रॉपर्टी श्री बी. जोसेफराजू (जोसेफराज जोसेफ बंदनाधाम) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.9.2025 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अजित कुमार धुक्कु प्रजापति व श्रीमती संजना अजित कुमार प्रजापति**

## आम सूचना

मैं श्री शंकर प्रतीमदास डिंगवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 604, 6ठा माला, साई शिव पैलेस, रुम नं. 8-9, बैरक नं. 218, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 17एआय016000400) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू प्रीतमदास डिंगवाणी और अन्य चार जनों ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 5.6.2025 सी.नं. 1423 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शंकर प्रतीमदास डिंगवाणी**

## आम सूचना

मैं श्री सुर्यप्रकाश नारायणदास केशरवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, बेसमेंट, ग्राऊंड और 1 ला माला, बैरक नं. 2002, रुम नं. 20 के पास, सेक्शन 37, बैरक नं. 1988 के पीछे, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 56डीआय011966200) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमलेश लाल्लूराम पाल (श्री कमलेश कुमार लालूराम पाल), श्री हबलेश लाल्लू पाल (श्री हबलेश कुमार लालूराम पाल) से सेल एग्रीमेंट दि. 11.6.2025 सी.नं. 55/25 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुर्यप्रकाश नारायणदास केशरवाणी**

## आम सूचना

मैं श्री दीपक लालचंद शादीजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि 1ला माला, आरसीसी, शॉप (ग्राऊंड +1ला माला), 2860 चौ.फुट, पोर्शन आफ प्लाट नं. 99, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 27सीओ020053500) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरेश मूलचंद शिवनाणी से सेल एग्रीमेंट दि. 15.9.2025 सी.नं. 5/279 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दीपक लालचंद शादीजा**

## संक्षेप...

### ट्रेनों पर पथराव की कई घटनाओं में शामिल व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई.** रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस ने उपनगरीय ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वाले आरोपी नौशाद अली को गिरफ्तार किया। आरोपी ने 22 और 26 सितंबर को महिलाओं को निशाना बनाते हुए पत्थर फेंके थे, जिससे कई यात्री घायल हुए।

मुंबई होटल उसने 18 सितंबर को एक महिला को घायल किया और पहले भी टिकट मशीनों को नुकसान पहुँचाने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। दो महीने पहले उसने यात्रियों से डरकर चलती ट्रेन से स्टील चेयर फ्रेम फेंका था। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट

■ **65kmph की रफ्तार से हवा चलेगी**



**मुंबई.** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है। महाराष्ट्र में 3 से 7 अक्टूबर के बीच साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने बताया कि 'शक्ति' अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा, जिससे इसका असर कमजोर हो जाएगा।

मौसम विभाग ने बताया कि साइक्लोन शक्ति शुक्रवार को आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरात तट से दूर द्वारका की ओर बढ़ रहा था। शुक्रवार रात 9:30 बजे तक तूफान का केंद्र द्वारका से लगभग 300 किलोमीटर पश्चिम, कराची (पाकिस्तान) से 330 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पश्चिम और पोरबंदर से 360 किलोमीटर पश्चिम में था।

साइक्लोन शक्ति शुरू में पश्चिम और फिर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर आगे बढ़ा था। शनिवार सुबह यह एक भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया। इसके कारण, समुद्र में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं।

शक्ति के असर से रविवार तक गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र तट और पाकिस्तान तट पर समुद्र में उथल-पुथल की संभावना है। हालांकि, धीरे-धीरे इसका असर कमजोर पड़ने की संभावना है। गुजरात और उत्तरी महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक ऊंची समुद्री लहरें, तेज हवाएं और भारी बारिश हो सकती है।

### अधिकारियों को नागरिकों की सुरक्षा का निर्देश

IMD ने महाराष्ट्र के कई जिलों, खासकर विदर्भ और मराठवाड़ा के कुछ हिस्सों में 7 अक्टूबर तक भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका जताई की है। उत्तरी कोंकण के निचले इलाकों में बाढ़ आने की संभावना है। महाराष्ट्र सरकार ने साइक्लोन शक्ति को लेकर अधिकारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं। जिला प्रशासन को डिजास्टर मैनेजमेंट सिस्टम एक्टिव करने, तटीय और निचले इलाकों में नागरिकों को निकालने की प्लानिंग और उनके लिए एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। मछुआरों को 7 अक्टूबर तक गुजरात और महाराष्ट्र में तटों पर अरब सागर में नहीं जाने की चेतावनी है।

# स्वर्ण जयंती वर्ष का भव्य समारोह प्रेरणादायी यात्रा के स्वर्णिम पृष्ठ



**ठाणे.** स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रमेश परमार जूनियर कॉलेज ऑफ जनरल एजुकेशन संस्थान और अभिरुचि मंडल के सहयोग से एक भव्य रैली, विभिन्न गतिविधियों और यादगार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।जूनियर कॉलेज के सभी छात्र, शिक्षक, विद्यालय समिति के अध्यक्ष और संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सालवी, प्रधानाचार्य विकास पाटिल, उप-प्रधानाचार्य अनुराधा कुलकर्णी, उप-प्रधानाचार्य सतीश घोलप, प्राथमिक विभागाध्यक्ष सुनील पाटिल, निदेशक मंडल, शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने एम.डी.एच. विद्यालय, शिवाजी पथ, तलावपाली, नौपाड़ा होते हुए निकाली गई रैली में भाग लिया।

#### उद्घाटन समारोह एवं विशेष गतिविधियाँ

स्वर्ण जयंती उद्घाटन, अत्याधुनिक खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन और राज्य स्तरीय बोली कवि सम्मेलन कार्यक्रम महाराष्ट्र के वन मंत्री एवं पालघर जिला संरक्षक मंत्री तथा एम. एच. विद्यालय के पूर्व छात्र गणेशजी नाइक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विधायक निरंजन डावखरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।इस अवसर पर प्रधानाचार्य विकास पाटिल ने स्पष्ट किया कि डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना के लिए एक करोड़ रुपये की आवश्यकता है।वनमंत्री गणेश नाइक ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए 50 लाख रुपये और निरंजन डावखरे ने 20 लाख रुपये के योगदान की घोषणा की। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सालवी ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा मराठी माध्यम शिक्षा को बचाने के लिए ऐसे लोगों का योगदान अमूल्य है।

# शिक्षण महर्षि जे. बापट भाषण स्मृति में सुभेदार वाडा स्कूल ने जीती सम्मान शील्ड




**भिवंडी.** प्रख्यात शिक्षण महर्षि जे. बापट भाषण स्मृति प्रतियोगिता का आयोजन पी आर हाईस्कूल में किया गया. जनरल एजुकेशन सोसाइटी (दादर) शिक्षा संस्थान अंतर्गत पी.आर. विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय भिवंडी संस्था कार्यवाहक निदेशक विकास पाटिल सर, प्रतियोगिता संयोजक सुनील पाटिल सर तथा पी.आर. विद्यालय की प्रधानाचार्या नंदा कोंगे मैडम के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता आयोजित की गई. प्रतियोगिता में संस्था के प्राथमिक विभाग, माध्यमिक विभाग एवं कनिष्ठ महाविद्यालय के लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया.उक्त अवसर पर एजुकेशन सोसाइटी उपाध्यक्ष देवराज राका,उप कार्याध्यक्ष प्रदीप राका,सदस्य शाम सिंगासने,किरण फड़े,विलास गजरे, प्राचार्य नंदा कोड़े,मुख्याध्यापक शुभांगी पाटिल सहित प्राथमिक विभाग प्रमुख मार्गदर्शक एन एम भामरे सहित शिक्षक,शिक्षिकाएं और प्रतियोगी छात्र छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, महर्षि जे बापट की स्मृति में आयोजित भाषण स्पर्धा के प्रथम सत्र का उद्घाटन पूर्व छात्र और पूर्व विधायक रूपेशजी म्हात्रे ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक शाम सिंगासने और स्कूल के पूर्व छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता माननीय आनंद गद्रे उपस्थित थे. प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह शाम का आयोजन निदेशक मंडल उपाध्यक्ष देवराजजी राका की उपस्थिति में किया गया. मुख्य वक्ता आदर्श शिक्षक राज्य पुरस्कार से सम्मानित एन.एम. भामरे सर थे. कल्याण सुभेदरवाड़ा हाईस्कूल द्वारा प्रतियोगिता की प्रतिष्ठित विजय शील्ड जीत कर सबकी तालियां बटोरीं.भाषण प्रतियोगिता में विख्यात, विशेषज्ञ, उत्कृष्ट विभा काले, शुभदा फाटक, मानसी राजे, मिलिंद पलसुले ने निर्णायक भूमिका निभाई.

प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शुभांगी पाटिल और सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में उत्कृष्ट सहयोग किया.श्रीमती मयूरी पाटिल मैडम ने सुबह के सत्र में और दिनेश धोन्नार ने शाम के सत्र में अच्छी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का समापन विद्यालय की सहायक शिक्षिका सानिका नरसिंघे के भाषण के साथ हुआ.

# क्लासिक मराठी भाषा आजीविका का साधन -डॉ. महेश केलुस्कर

■ **ठाणे मनपा में क्लासिक मराठी भाषा सप्ताह का शुभारंभ**



**ठाणे.** मराठी भाषा दुनिया भर के 72 देशों में बोली जाती है। भारत में भी इसका प्रचलन सर्वत्र है। इसलिए, वित्तीय लेन-देन भी इसी भाषा में होता है। इसीलिए मराठी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक अवसर उपलब्ध हैं। हमारी क्लासिक मराठी भाषा आजीविका का साधन भी है। इसे लेकर किसी भी प्रकार की गलतफहमी रखने की आवश्यकता नहीं है,यह बात वरिष्ठ लेखक डॉ. महेश केलुसकर ने कहा।मराठी भाषा को 3 अक्टूबर, 2024 को क्लासिक भाषा का दर्जा दिया गया था। इस अवसर पर, 3 से 9 अक्टूबर तक पूरे राज्य में क्लासिक मराठी भाषा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के तहत, ठाणे मनपा द्वारा विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। शुक्रवार सुबह मनपा मुख्यालय में स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह चर्चा व्याख्यानमाला के 17वें पुष्प के साथ इसकी शुरुआत हुई। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेश केलुसकर ने 'मराठी भाषा की शास्त्रीयता' विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर उपायुक्त उमेश बिरारी, अग्निशमन विभाग प्रमुख गिरीश झलके, उपनगर अभियंता गुणवंत जाम्ब्रे, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्मिता हमरास्कर आदि उपस्थित थे।

### राम दरबार की निकली भव्यतम झांकी

**भिवंडी.** मानसरोवर में आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष एसपी सिंह सहित मंडल के तमाम पदाधिकारियों,सदस्यों की अगुवाई में 10 दिन से शुरू काशी की रामलीला मंडली के कुशल कलाकारों की टोली द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में भगवान श्री राम दरबार की झांकी निकालकर मानसरोवर रहीवासियों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत,शत्रुघ्नसहित हनुमान जी का भव्य दर्शन कराया गया.भव्य सुसज्जित रथ पर सवार भगवान श्रीराम ने जानकी और भाइयों एवं हनुमान सहित रथ पर सवार होकर लोगों को आशीर्वाद दिया. राम दरबार की पवन रथयात्रा में पुरुष, महिला, बच्चे भक्तगण पीले परिधान धारण कर भगवान श्रीराम की रथयात्रा को नमन कर उत्साहित होकर नृत्य कर खुशी प्रकट की.राम दरबार की भव्य रथयात्रा रामलीला स्थल से गाजे बाजे के साथ शुरू होकर मानसरोवर गेट तक जाकर संपन्न हुई. रथयात्रा में भक्तगणों ने रथयात्रा का अभिनंदन किया और भगवान श्रीराम से हाथ जोड़कर खुशहाली की प्रार्थना की.

# श्री दुर्गा माता मंदिर पर भव्य भंडारा संपन्न



**ठाणे.** श्री दुर्गा माता सेवा संस्था की ओर से नया आर टी ओ तीनहाथ नाका में शारदीय नवरात्रि में नव दिन तक महिला मंडल द्वारा देवी गीत पचरा गाया जाता है। 2 अक्टूबर को सायं 8 बजे महाआरती हुआ नवदुर्गा के नव रूप मे नव कन्या का पूजन कर महाप्रसाद चालू किया गया जो देर रात तक चला वहीं मंदिर में माता के भक्तों की भीड़ सुबह से ही दर्शन करने के लिए लगी हुई थी मंदिर में प्रत्येक शनिवार को सुन्दरकाण्ड पाठ और भजन का आयोजन किया जाता है। संगीतमय सुंदरकांड व भजन गायकों की टीम आकर अपनी प्रतिभा को दिखाते हैं भजन गायक नागेंद्र शर्मा, लकी मिश्रा, कोरस देने वाले बजरंगी , संजय तिवारी,ढोल वादक शिवकुमार सिंह,सचिन शर्मा, मनोज मिश्रा, राकेश पाण्डेय, जगदीप तिवारी, समीर पंकज पांडे भजन कीर्तन सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।

श्री दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में आए हुए सभी भक्तों ने ताली बजाकर साथ दिया सभी भक्त झूम उठे कार्यक्रम को सफल बनाने में सरला वर्मा, ऊषा यादव, सुमित्रा विट्टी वर्मा, उमा तिवारी, सुनीता दुबे, राजनरायन दुबे, योगेश यादव, विजय गुप्ता, मंगला तिवारी, अजित पाण्डेय, घनश्याम यादव, सुशील पंडा,आदित्य तिवारी, अनिकेत तिवारी, अनुराग तिवारी, राहुल, रवि पांडेय , दिनेश चौरसिया, अजय त्रिपाठी, बजरंगी, रविन्द्र तिवारी तथा मंदिर से जुड़े महिला भक्तों के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया। के जीवन में सुख शान्ति की कामना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटील के हाथों**

# एसएसटी महाविद्यालय के समाधान बागुल का सम्मान

■ **जलसंरक्षण विषयक राज्यस्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ठाणे जिले में प्रथम स्थान**



**पुणे.** महाराष्ट्र शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा जलसंरक्षण और जल प्रबंधन विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उल्हासनगर के एसएसटी महाविद्यालय के ग्रीन क्लब के स्वयंसेवक समाधान बागुल ने ठाणे जिले से प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। अॅक्वार्डम, CEE और महाराष्ट्र राज्य उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पुणे स्थित सीओईपी महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री मा. चंद्रकांत दादा पाटील के शुभहस्त से समाधान बागुल को पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जल संरक्षण का महत्व और जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति जनजागृति फैलाना था। एसएसटी महाविद्यालय के ग्रीन क्लब ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए नवाचारी विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस गर्वपूर्ण उपलब्धि पर संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी ग्रीन क्लब और समाधान बागुल को हार्दिक बधाई दी। पुरस्कार वितरण के समय समाधान के साथ महाविद्यालय के ग्रीन क्लब की समन्वयिका प्रा. नम्रता सिंह और सदस्य प्रा. सचिन फाळके भी उपस्थित थे, और इस अवसर पर उनका भी सम्मान किया गया।

# गायत्री परिवार भिवंडी द्वारा नवकुंडी गायत्री महायज्ञ संपन्न



**भिवंडी.** अंजूर फाटा कामतघर स्थित सनसिटी कॉम्लेक्स में गायत्री परिवार ट्रस्ट भिवंडी द्वारा आयोजित शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर नव कुण्डी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें आस पास की सोसायटी के परिजनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. महायज्ञ में शारदीय नवरात्रि पर हवन पूजन का लाभ उठाया. उक्त अवसर पर गायत्री परिवार भिवंडी जिला समन्वयक उपेंद्र जोशी, देवेंद्र राजपुरोहित, राजकुमार शर्मा, देवाराम कुमावत,राजू भाई चौधरी, दिनेश राजपुरोहित, दिनकर सिंह, सुरेश रावलचंद्र, प्रकाश जैन, मनीष ठक्कर, केयूर शाह, जिग्नेश गाला, जिगर ठक्कर, अनाराम चौधरी, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष प्रीतेश हरिया,आशीष सांघवी, किशन चौधरी, लीलाचंद लोहार,प्रशांत गोटेचा मोहन जी राजपुरोहित सहित सनसिटी परिवार के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाया.

## आम सूचना

मैं श्रीमती रेशमा हरेश बुधवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 26, उपर का 1 ला माला, बैरक नं. 896, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 33सीओ021985500) उक्त प्रॉपर्टी मिस गीतिका हरेश बुधवाणी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 11.6.2025 सी.नं. 1496 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेशमा हरेश बुधवाणी**

# रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा ने की सगाई!

■ **दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म**

■ **फरवरी में हो सकती है शादी**

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है।

एम9 न्यूज रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की।

कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है।

रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने 'अंजनी पुत्रा' और 'चमक' जैसी फिल्मों में भी काम किया।

2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'चालो' से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई 'गीता गोविंदम' ने उन्हें बड़ी पहचान मिली।



# जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीते 14 स्वर्ण, 18 रजत एवं 29 कांस्य



**भिवंडी.** शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को शिक्षा और प्रशिक्षण के साथ-साथ शारीरिक रूप से स्वस्थ और तंदुरुस्त बनाए रखने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है. इसी उद्देश्य के तहत भिवंडी निज़ामपुर शहर महानगर पालिका और जिला खेल विभाग द्वारा गाजेंगी हॉल में अंतर-विद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

भिवंडी तालुका के 48 स्कूलों के 540 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.उक्त प्रतियोगिताएँ 14,17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के बीच आयोजित की गईं. प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज की ओर से 88 छात्रों ने भाग लिया.

रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कॉलेज,भिवंडी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण,18रजत और 29 कांस्य पदक जीतने में सफल रहे.छात्रों की शानदार उपलब्धि पर केएमई सोसायटी प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण,खेल समिति के चेयरमैन दानिश मदु,स्कूल एवं कालेज के चेयरमैन यासर तातली,प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी एवं समस्त समस्त स्टाफ ने सफल छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षक जाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन और इकरा शेख को बधाई दी है.

## आम सूचना

मैं केसी मनूमल वाधवा सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 304, 3रा माला, साई शिव पैलेस, रुम नं. 8-9, बैरक नं. 218, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 17एआय015999200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लक्ष्मी पहिलाजराय थधाणी से सेल एग्रीमेंट दि. 14.9.2023 सी.नं. 1777 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**केसी मनूमल वाधवा**







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099